www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

## सुविचार



केवल कर्महीन ही ऐसे होते हैं, जो सदा भाग्य को कोसते हैं और जिनके पास शिकायतों का अंबार होता है। - जवाहर लाल नेहरू

### बरेली के प्रमुख समाचार

- लॉ स्टूडेंट की हत्या से आतंकित परिवार ने लिखवा दिया... घर बिकाऊ है-II
- जिले में खरीफ फसलों के लिए उर्वरक कोटा तय- III
- हरूनगला में चल रहा था नकली खाद का धंधा- IV

# वोट की शक्ति में बिथरी नंबर-1, कैंट का कुनबा सबसे छोटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआईआर में जिले की 9 विधानसभाओं में बढ़े ढाई लाख से अधिक मतदाता
- वोट से राजनीति की दिशा तय करेंगे 29.48 लाख वोटर
- विशेष पुनरीक्षण अभियान-2026 से बदले समीकरण
- चुनावी मोर्चाबंदी पर असर डालेगी मतदाताओं की बढ़ी संख्या

**बरेली का ताजा वोट गणित**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| बहेड़ी | 187283 | 153895 | 4 | 341182 |
| मीरगंज | 177630 | 145373 | 4 | 323007 |
| भोजीपुरा | 198410 | 165066 | 3 | 363479 |
| नवाबगंज | 174289 | 142195 | 11 | 316495 |
| फरीदपुर | 168660 | 134225 | 2 | 302887 |
| बिथरी | 203120 | 167848 | 6 | 370974 |
| बरेली | 187426 | 163616 | 15 | 351057 |
| बरेली कैंट | 149275 | 134237 | 12 | 283524 |
| आंवला | 163225 | 133151 | 6 | 296382 |
| कुल वोटर | 1609318 | 1339606 | 63 | 2948987 |

**बरेली का नया वोटर डेटा**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता : | 29,48,987 |
| पुरुष मतदाता : | 16,09,358 |
| महिला मतदाता : | 13,39,606 |
| दिव्यांग मतदाता : | 25,742 |
| नए युवा मतदाता : | 50,251 (18-19 वर्ष) |
| कुल मतदान केंद्र : | 1940 |
| कुल मतदेय स्थल : | 3835 |

**अमृत विचार:** नई वोट पावर बरेली को नई दिशा देती नजर आएगी। एसआईआर के अंतिम आंकड़े सामने आने के बाद जिले की 9 विधानसभाओं में रिकॉर्ड वोट वृद्धि देखने को मिली है। 2,57,920 मत बढ़ोत्तरी के साथ जिले में अब मतदाताओं की संख्या बढ़कर 29,48,987 तक जा पहुंची है। बरेली राज्य के उन चुनिंदा जनपदों में शामिल हैं, जहां वोटों में वृद्धि दर्ज की गई है।

निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के ताजा आंकड़ों ने बहेड़ी, मीरगंज, भोजीपुरा, नवाबगंज, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर, बरेली शहर, कैंट और आंवला का वोट गणित पूरी तरह बदल गया है। अंतिम मतदाता सूची ने साफ कर दिया है कि बिथरी अब जिले का सबसे बड़ा चुनाव मैदान होगा। यहां मतदाताओं की कुल संख्या बढ़कर 3,70,974 हो गई है, जिसमें 2,03,120 पुरुष और 1,67,848 लाख महिलाएं हैं। इसके ठीक विपरीत बरेली कैंट विधानसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के लिहाज से जिले का सबसे छोटा क्षेत्र चुनाव क्षेत्र बना है। कैंट में कुल 2,83,524 मतदाता पंजीकृत हुए हैं। नई वोट पावर सामने आते ही जिले में नए सिरे से चुनावी खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी तरह से भविष्य के लिए गोटियां भी बिछाना शुरू कर दी हैं।

**विधानसभाओं में हुआ बड़ा वोट परिवर्तन :** पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जिले की सभी 9 विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या में भारी फेरबदल हुआ है। बिथरी के बाद भोजीपुरा 3,63,479 मतदाताओं के साथ दूसरे और बरेली शहर 3,51,057 लाख वोटरों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं, बहेड़ी में 3,41,182 लाख, नवाबगंज में 3,16,495 लाख और मीरगंज में 3,23,007 लाख मतदाता दर्ज किए गए हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के इस मिश्रण में 122 फरीदपुर में 3,02,887 और आंवला में 2,96,382 मतदाता भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। आंकड़ों का यह विस्तार न केवल मतदाताओं की जागरूकता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि शहरी विस्तार के कारण बिथरी चैनपुर जैसे क्षेत्रों में आबादी का घनत्व तेजी से बढ़ा है। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बीएलओ ने 7.14 लाख से अधिक संदिग्ध मामलों का घर-घर जाकर सत्यापन किया। अभियान के दौरान कुल 2,76,250 नए आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से गहन जांच के बाद 2.64 लाख से अधिक फॉर्म स्वीकृत किए गए। इसके अलावा 25,742 दिव्यांग मतदाताओं की भी मैपिंग की गई। डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया बढ़े मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदेय स्थलों की संख्या भी बढ़ाकर 3835 कर दी गई है, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## 50 हजार से अधिक युवा पहली बार करेंगे वोट

बरेली की नई मतदाता सूची में सबसे उत्साहजनक पहलू युवाओं की भागीदारी है। इस बार के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान 50,251 ऐसे युवाओं को चिन्हित कर सूची में शामिल किया गया है, जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष के बीच है। पहली बार डाले वाले यह युवा और 13.39 लाख महिला मतदाता आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। प्रशासन ने कॉलेज कैंपों और विशेष पंजीकरण अभियानों के जरिए इन फर्स्ट टाइम वोटर्स को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया है।

## पुनरीक्षण से पहले थे 34,05,820 मतदाता

**बरेली, अमृत विचार :** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति के अनुसार जिले में में मतदाताओं की कुल संख्या 34,05,820 दर्ज थी। उस समय जिले की नौ विधानसभाओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18,18,980, महिला मतदाताओं की संख्या 15,86,746 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 94 थी। विधानसभा वार आंकड़ों पर गौर करें तो अभियान शुरू होने के वक्त भोजीपुरा 3,95,649 लाख और बहेड़ी 3,75,118 मतदाताओं के साथ सबसे बड़े निर्वाचन क्षेत्र थे। उस दौरान जिले में कुल 1,931 मतदान केंद्र और 3,499 मतदेय स्थल क्रियाशील थे। प्रशासन की ओर से चलाए गए 166 दिवसीय इस सघन अभियान का मुख्य उद्देश्य मृतक, शिफ्टेड और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को त्रुटिहीन बनाना था।

## शहर में आज

- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- बाबा श्री नीलकंण्ड मंदिर राजेन्द्र नगर में श्री शिव महापुराण कथा शाम 5 बजे से 9 बजे
- गुरुद्वारा मॉडल टाउन में कीर्तन दरबार शाम 7 बजे से
- रोटरी क्लब बरेली साउथ के 7वें बैडमिंटन टूर्नामेंट स्पोर्ट्स स्टेडियम सुबह 10 बजे



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची सौंपते डीएम। ● अमृत विचार

## डीएम ने राजनीतिक दलों को सौंपी मतदाता सूची

**बरेली, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर एसआईआर-2026 की अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध कराई। डीएम ने कहा 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुआ यह 166 दिवसीय वृहद अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। उन्होंने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## आधी आबादी की शक्ति बढ़ी, जेंडर रेशियो 832

प्रशासन के विशेष का ही असर माना जाएगा कि बरेली के जेंडर रेशियो में भी अच्छा सुधार हुआ है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, 6 जनवरी 2026 को जहां जेंडर रेशियो 815 था, वह अब सुधरकर 832 हो गया है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 13,39,544 पहुंच गई। ईपी रेशियो (जनसंख्या के मुकाबले मतदाता) की संख्या में भी 4.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो अब 51.59 प्रतिशत है। यह वृद्धि दर्शाती है कि शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद अब सूची में वास्तविक और पात्र मतदाताओं की संख्या अधिक सटीक है। इसके अलावा जनपद में कुल 85 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें सर्वाधिक 16 शहर विधानसभा में है, जबकि नवाबगंज में 11 और बरेली कैंट विधानसभा में में 12 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं।



महानगर टाउनशिप में वोटर लिस्ट देखने को जुटे लोग। ● अमृत विचार

## बूथों पर अब दिव्यांगों की राह होगी आसान

निर्वाचन आयोग ने इस बार दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। जिले में चलाए गए गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद 25,742 दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची में विशिष्ट रूप से चिन्हित किया गया है। डीएम का कहना है कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इन मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और उन्हें बाधा रहित वातावरण प्रदान करना है। इसके लिए चिन्हित दिव्यांगों को मतदान के दिन रैंप, व्हीलचेयर और सहायक जैसी विशेष सुविधाएं प्राथमिकता पर दी जाएंगी। इस पहल से न केवल जिले के मतदान प्रतिशत में सुधार होगा, बल्कि दिव्यांगों का आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुगमता भी मजबूत होगी।

## एक नजर में आवेदनों का लेखा-जोखा

**बरेली, अमृत विचार :** 27 अक्टूबर 2025 से 6 मार्च 2026 तक जिले की नौ विधानसभाओं से कुल 3,55,331 आवेदन प्राप्त हुए थे। नए मतदाता बनने के लिए कुल 2,76,250 लोगों ने आवेदन किया। इनमें से 2,64,672 नाम सही पाए गए और उन्हें अंतिम सूची में शामिल किया गया। नाम कटवाने के लिए आवेदन (फार्म-7) सूची से नाम हटवाने या विलोपन के लिए कुल 7,111 आपत्तियां/आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 6,103 आवेदनों को स्वीकार करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। संशोधन/शिफ्टिंग के लिए आवेदन (फार्म-8) विवरण में सुधार या पता बदलने के लिए कुल 71,970 आवेदन प्राप्त हुए। 69,539 आवेदनों का निस्तारण किया गया।

## महानगर टाउनशिप में मतदाता सूची का प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत अंतिम मूल निर्वाचक नामावली शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन हुआ तो महानगर टाउनशिप में वोटर लिस्ट देखने के लिए लोग जुट गए। मतदाताओं ने अपने और परिवार के नामों का अवलोकन किया। महानगर के सामुदायिक केंद्र पर सुबह से बीएलओ अनीता गंगवार, रुचि सक्सेना, रेखा शर्मा, शबनम बानो और महेश गंगवार ड्यूटी पर रहीं। सुधीर उपाध्याय ने कहा कि उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

## कुछ इस तरह हुई थी प्रकिया की शुरूआत

27 अक्टूबर 2025 को जब इस अभियान की शुरुआत हुई थी, तब प्रारंभिक डेटा के अनुसार जिले में 34.05 लाख मतदाता थे। हालांकि, क्लीन-अप ड्राइव और गहन शुद्धिकरण के बाद 6 जनवरी 2026 को जब आलेख्य प्रकाशन हुआ, तो यह संख्या घटकर 26,91,067 रह गई थी। इसके बाद चले दो महीने के विशेष अभियान में दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अंतिम सूची में मतदाताओं का आंकड़ा 29,48,987 पहुंचा।

## अपनी-अपनी बात



बरेली, अमृत विचार : अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष एड. अनुज गंगवार ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर के बाद अन्तिम मतदाता सूची में जनपद बरेली मे ढाई लाख से ज्यादा वोटर बढ़े हैं। इससे स्पष्ट है कि कार्य पूरी निष्ठा और पारदर्शी तरीके से किया गया है। लोगों में जो भ्रम फैलाया जा रहा था वह अब दूर हो चुका है। निष्पक्ष तरीके से मतदाता सूची तैयार करने के लिए मैं अपनी पार्टी की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी बरेली एवं उनकी पूरी टीम बधाई देता हूं।



हमारी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने काफ़ी मेहनत की है, जिसका नतीजा यह हुआ की शहर और कैंट विधानसभा में वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वोट हुए वोटों के बारे में पता चला है, ये ऐसे मतदाता थे जो बाहर से आकर बसे थे और दूसरी जगह शिफ्ट हो हो गए। -**अधीर सक्सेना**, महानगर अध्यक्ष, भाजपा



इलेक्शन कमिशन की बैठक मे जो सामने आया है, उसके अनुसार लाखों की संख्या में वोट नहीं बन पाए हैं। इसमें सबसे बड़ी लापरवाही शासन की ओर नियुक्त बीएलओ की हैं, जिनकी कमी की वजह से वोट नहीं बन पाए। सरकार का बीएलओ के ऊपर जो अधिकृत दबाव होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। इससे सरकार की कमी साबित हुई है।-**डॉ जयपाल सिंह**, बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष



एसआईआर की शुरुआत में जिले में 34,05,820 मतदाता थे, जो घटकर 29,48,987 रह गए हैं। लगभग 4.56 लाख नाम हटाया जाना गंभीर है। कई वैध मतदाताओं के नाम सभी दस्तावेज होने के बावजूद काट दिए गए हैं। सपा अब बूथवार गहन समीक्षा कर इस विसंगति पर आपत्ति दर्ज कराएगी, ताकि कोई वैध मतदाता सूची से बाहर न रहे। - **शमीम खां सुल्तानी**, सपा महानगर अध्यक्ष।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर का हिस्सा खुद हटाया

## कोहाड़ापीर रोड पर सड़क चौड़ीकरण के चलते धर्मकांटा चौराहे पर स्वतः ही हटाया जा रहा निर्माण

- नगर निगम ने पिछले दिनों जारी किया था नोटिस
- मजदूरों की टीम सावधानी से निर्माण हटाने में जुटीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पंचमुखी हनुमान मंदिर जिसका हिस्सा तोड़ा जा रहा। ● अमृत विचार



मंदिर के चौड़ीकरण की जद में आए हिस्से को तोड़ते मजदूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में सीएम ग्रिड योजना के तहत धर्मकांटा चौराहे से कोहाड़ापीर तक मार्ग को चौड़ा करने की कवायद में प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का सवा मीटर हिस्सा बाधा बन रहा था। नगर निगम की कार्रवाई से पहले ही मंदिर की देखरेख करने वालों ने आगे आकर चिन्हित हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिश्या है। पूरी सावधानी के साथ रात में मंदिर के अगले हिस्से को हटाने का शुरू किया गया, ताकि मुख्य ढांचे को कम से कम क्षति पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, सूद धर्मकांटा चौराहे पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर निरंजनी अखाड़े की देखरेख में है। निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद जी महाराज समय समय पर यहां आकर प्रवास करते हैं और उनका आर्शीवाद लेने को भक्तों की भीड़ उमड़ती है। सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे मंदिर के कुछ बाहरी हिस्से को लेकर नगर निगम ने 22 फरवरी को महामंडलेश्वर के नाम से नोटिस जारी किया था। लाल निशान लगवाया था। निर्माण को खुद हटाने की सीमा भी तय की गई थी। ऐसा न होने पर हर्जाना वसूलने की बात भी नोटिस में कही गई थी।

पूर्व में इसी मार्ग पर लगभग 40 दुकानों और मकानों पर निगम कार्रवाई भी कर चुका है। मंदिर की देखरेख करने वाले लोग सड़क चौड़ीकरण में सहयोग के लिए खुद आगे आ गए हैं और खुद निर्माण हटवाना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि महाराज की सहमति के बाद मंदिर के अग्रभाग का कुछ हिस्सा हटाकर हनुमान जी की दिव्य मूर्ति को पीछे शिफ्ट करने की तैयारी है। क्षेत्रीय भाजपा पार्षद विपुल लाला ने कहा कि नोटिस की मियाद खत्म होने और सड़क निर्माण की अनिवार्यता के कारण दूसरा रास्ता नहीं बचा है। मंदिर की देखरेख करने वाले देवांग के मुताबिक, महाराज जी को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। गुरूजी की की सहमति के बाद ही यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर का अगला हिस्सा टूटने के कारण अब पंचमुखी हनुमान जी की दिव्य मूर्ति को भी पीछे की ओर शिफ्ट किया जाएगा। देर रात मजदूरों की टीम मंदिर के अतिक्रमण वाले हिस्से को सावधानीपूर्वक हटाने में जुटी नजर आई।

## बसपा में फूटा 'ऑडियो बम', पार्टी में मचा हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार:** पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बरेली बसपा में दो नेताओं के बीच बातचीत का 'ऑडियो बम' फूटने से हड़कंप मच गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं ऑडियों में कथित रूप से बसपा के पदाधिकारी बताए जा रहे नेता पद पार्टी में 'मनी पावर' का खेल होने की बात करते सुनाई दे रहे हैं। बातचीत को सुनकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि एक पदाधिकारी को संगठन से विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी हटाई गई है, जिसे लेकर वह दिल की भड़ास निकाल रहा है और पैसों के दम पर पार्टी में कोई भी पद या टिकट लेने का दावा कर रहा है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है लेकिन बसपा में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं जरूर हो रही हैं। बता दें कि पार्टी में इस समय विधानसभा चुनाव को लेकर टिकटों पर मंथन जारी है।

# सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी से बरेली में भी खलबली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी जमीन पर शोरूम, घर और दुकानें बनाने वालों की सांसें अटकीं
- कोर्ट ने मेरठ के शास्त्री नगर में 859 अवैध निर्माण ढहाने का दिया है आदेश

**अमृत विचार:** मेरठ के शास्त्री नगर में 859 अवैध निर्माणों को ढहाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने बरेली प्रशासन को भी आइना दिखा दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सेटबैक में हुए निर्माणों को किसी भी कीमत पर नियमित नहीं किया जा सकता। बरेली में भी ऐसी ही स्थिति कई प्रमुख इलाकों में बनी हुई है। हालांकि नगर निगम और बीडीए ने तमाम जगहों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण किया है।

शहर के बीचो-बीच नावल्टी प्लाजा के सामने पहलवान साहब की मजार के आसपास का क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर अवैध तरीके से तमाम दुकानें बनी हैं। इसके अलावा भी शहर के कई प्रमुख इलाकों में अवैध अतिक्रमण कर पक्के निर्माण करा लिए गए हैं। पीलीभीत रोड पर कई होटल मालिकों ने अवैध निर्माण करा रखा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यहां भी कड़े कदम उठाने की दरकार है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि शहरी सीमा में लगातार अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश प्राधिकरणों को लेकर है। इधर, बीडीए वीसी डा. मनिकंडन.ए का कहना है कि अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकार लगातार कार्रवाई कर रहा है। लोगों को सचेत किया गया है निर्माण कराने से पहले बीडीए से नक्शा अवश्य पास करा लें।

# 140 करोड़ से संवरेगी शहर की सूरत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मेयर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर की सूरत संवारने के लिए बजट आवंटित किया गया। मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत टाइड और अनटाइड मद के 37 करोड़ और अवस्थापना निधि से 105 करोड़ से विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। मेयर ने अधिकारियों के साथ वार्डों में चल रही परियोजनाओं की प्रगति का आकलन कर 140 करोड़ का बजट आवंटित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए सभी कार्य तय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

शुक्रवार को बैठक में मेयर ने बताया कि नगर निगम ने शहर की सूरत बदलने के लिए एक विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार किया है, जिसके तहत 2026 के अंत तक बरेली को हाइटेक सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में 400 छोटी-बड़ी नई सड़कों का निर्माण, सीवर लाइन विस्तार, पेयजल आपूर्ति में सुधार और ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने जैसे बुनियादी ढांचों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही आधुनिक सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और नए पार्कों के विकास के माध्यम से शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जाएगा। मेयर ने कहा कि बदायूं रोड पर जलभराव रोकने के लिए सवा किलोमीटर लंबा नाला बनाया जाएगा, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने चार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानु प्रकाश, निर्माण विभाग के एक्सईएन राजीव कुमार राठी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आरोप-प्रत्यारोप

कोहाड़ापीर-नैनीताल रोड के भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने खोला मोर्चा

# बुलडोजर एक्शन पर रार-तकरार, फूट रहा अपनों का 'गुबार'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा-नक्शा पास है फिर भी सुनवाई नहीं, माननीयों की चुप्पी पर भी भड़के लोग

**अमृत विचार:** सीएम ग्रिड योजना के नाम पर कोहाड़ापीर-नैनीताल रोड पर शुरू हुई निगम की घेराबंदी ने सियासी रूप लेना शुरू कर दिया है। भाजपाई ही खफा नजर आने लगे हैं। कार्रवाई की जद में आए पक्के भवनों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं। सात दिन की मोहलत देकर निगम ने साफ कर दिया है कि खुद हथौड़ा चलाओ, वरना बुलडोजर चलेगा और उसका किराया भी तुम्हारी जेब से ही वसूला जाएगा। निगम प्रशासन की इस कार्यशैली ने व्यापारियों के सब्र का बांध तोड़ दिया है।

इस पूरे प्रकरण में सबसे तीखा प्रहार भाजपा के भीतर से ही हो रहा है। भाजपा के कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह विकास नहीं, बल्कि सत्ता के नशे में चूर अधिकारियों की तानाशाही है। कुदेशिया फाटक पर जीआरएम स्कूल के सामने कारोबार करने वाले सुरेश ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी को खून-पसीने से सींचा, निगम के अफसर उन्हीं के वैध मकानों पर बिना नक्शा देखे बुलडोजर चलाने की धमकी दे रहे हैं। चेतावनी दी अगर माननीयों ने चुप्पी नहीं तोड़ी, तो कार्यकर्ताओं का यह गुस्सा वोट की चोट बन सकता है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल और भाजपा व आरएसएस से जुड़े सुमित गुप्ता ने भी निगम की मंशा पर सवाल उठाए। अनिल सिंह ने आरोप लगाया कि निगम के पास कोई स्पष्ट सीमांकन नहीं है और अधिकारी सिर्फ टारगेट पूरा करने के लिए बिना किसी तकनीकी जांच के लाल निशान लगा रहे हैं। कान्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाली गीता ने कहा कि हमारे पास बीडीए से स्वीकृत नक्शे हैं, बीडीए से उन्होंने संपत्ति खरीदी थी, लेकिन अफसर सुनने को राजी नहीं। अफसरों कार्यशैली से नाराज लोगों का कहना है कि जिन कार्यकर्ताओं के कंधों पर सरकार टिकी है, वही माननीयों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वहां से सिर्फ आश्वासन की घुट्टी मिल रही है। फिलहाल, कोहाड़ापीर के बाजार में दहशत और आक्रोश का माहौल है। एक तरफ निगम अपनी कार्रवाई पर अड़ा है, तो दूसरी तरफ भाजपा और अन्य संगठनों से जुड़े लोग आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके हैं।



निर्माण तोड़ते मजदूर।

## शुक्रवार को 150 से अधिक दुकानों पर लगाए निशान

कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक शुक्रवार को अतिक्रमण चिह्नित करने पहुंची नगर निगम ने 150 से अधिक दुकानों समेत अन्य भवनों पर निशान लगाए। एक फीट से लेकर दस फीट तक दायरा नगर निगम के अनुसार अतिक्रमण की जद में आ रहा है। इन दुकानदारों को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इस रोड के तमाम दुकानदारों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि नक्शा समेत कई ऐसे दस्तावेज हैं कि उन्होंने मानक के अनुसार निर्माण कराया है। निगम के नक्शे-मानचित्र पर सवाल उठाते हुए लोगों ने कहा कि अन्यायपूर्ण तरीके से की जाने वाली इस कार्रवाई से वह रोड पर आ जाएंगे। इधर, निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 1920-1921 के पुराने नक्शे के आधार पर ही निशान लगाए जा रहे हैं। इसी आधार पर कई जगह दो फीट से लेकर 11 फीट तक अतिक्रमण सामने आया है।

## सिटी ब्रीफ

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से छात्र की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** फंदे पर लटके मिले नौंवी कक्षा के छात्र के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र की मौत का कारण हैंगिंग आया है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के न्यू मॉडल रेलवे कॉलोनी के रहने वाले मुरारी लाल के बेटा विराट कक्षा नौ में पढ़ता था। सात अप्रैल की सुबह घर में बिना बताए कहीं चला गया। गुरुवार की रात विराट का शव पास के खंडहर मकान में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार का आरोप था की उनके बेटे की हत्या की गई है। शुक्रवार को शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उसकी मौत का कारण हैंगिंग आया है। बार सचिव ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। मृतक के परिजनों और अधिवक्ताओं ने एसपी सिटी से विशेष टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### एडीजी और एसएसपी ने बैज लगाकर किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** कानून-व्यवस्था को संभालने में लंबे समय से सक्रिय रहे सीओ थर्ड पंकज कुमार श्रीवास्तव को शासन ने प्रमोशन देकर एडिशनल एसपी बनाया है। शुक्रवार को एडीजी कार्यालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी के दौरान एडीजी रमित शर्मा, और एसएसपी अनुराग आर्य ने उनके कंधे पर नए रैंक के प्रतीक चिन्ह लगाकर अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एडीजी रमित शर्मा और एसएसपी अनुराग आर्य ने उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके काम की सराहना भी की। सीओ पंकज कुमार ने जोगी नवादा में लंबे समय से चले आ रहे कांवड़ विवाद को भी बातचीत के माध्यम से निपटा दिया था।

### रोजगार व फेलोशिप सूचना साझा करें

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं को रोजगार, प्रशिक्षण और फेलोशिप से जुड़ी जानकारी सुलभ कराने के लिए नई पहल शुरू की है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सभी विभागों, संकायों और प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विभिन्न संस्थानों से प्राप्त अवसरों की जानकारी नियमित रूप से साझा करें और अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। रोजगार, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण और फेलोशिप से संबंधित सूचनाएं कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे छात्र-छात्राएं एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी जरूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें।

# सतर्कता से वापस हुआ पूर्व अफसर का पैसा



एसएसपी के साथ साइबर टीम का सम्मान। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** साइबर अपराधियों ने फ्रॉड करके सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक अरुण शर्मा के 2.62 लाख रुपये खाते से उड़ा दिए थे। साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई से उन्हें पैसा वापस मिल गया।

22 जनवरी को फर्जी फोन कॉल के माध्यम से एपीके फाइल डाउनलोड कराई गई थी। इसके बाद ठगों ने उन्हें शिकार बना लिया। सूचना पद साइबर सेल में तैनात एसआई करन सिंह ने तुरंत कार्रवाई में जुट गए और पैसा होल्ड करा दिया। फिर इंस्पेक्टर आदेश कुमार ने 8 अप्रैल को रकम वापस कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 8 अप्रैल को यह राशि उनके खाते में वापस आ गई। अरुण शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और आमजन से साइबर ठगी के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।

## साइबर ठगों को मात देने वाले कक्षा आठ के छात्र को पुलिस अफसरों ने किया सम्मानित, बनेगा क्रिकेटर

# नन्हे तन्मय की समझदारी काम आई, एडीजी ने पीठ थपथपाई

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** डिजीटल अरेस्टिंग करने वाले साइबर ठगों ने डॉक्टर, इंजीनियर, समेत कई पढ़े लिखे लोगों को अपने जाल में फंसकर करोड़ों की ठगी कर ली। आठवीं कक्षा के छात्र ने उनकी नाक में नकेल कश दिया। व्हाट्एप कॉल पर बात करते करते उसने ठगों के पीछे लिखे दीवार पर लिखे एनआईए के स्लोगन में कुछ गलत लगा। जब छात्र ने दूसरे मोबाइल पर एनआईए का लोगों देखा तो उसे पता चल गया कि यह ठगों की कॉल है। इसके साथ ही साइबर ठग आपस में जनाब जनाब कहकर बात कर रहे थे। यह सुनकर उसे लगा की यह पाकिस्तान के लोग है, और फोन काट दिया। नौ घंटे की डिजीटल अरेस्टिंग के बाद परिवार थाने पहुंचा और सारी बात पुलिस को बताई।

बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुर्खा इलाके की है। सुर्खा इलाके के रहने वाले संजय कुमार, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और गंभीर आरोप लगाते हुए बातचीत शुरू की. साइबर ठगों ने संजय और उनकी पत्नि दोनों को ही डिजिटल अरेस्ट कर लिया। यह देखकर उनके बेटे तन्यम की सूझबुझ ने ठगों को समझ लिया और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिवार ठगी का शिकार होने से बच गया।

शुक्रवार को एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारिक ने तन्यम को एडीजी कार्यालय में सम्मानित किया। मम्मी-पापा से भी बात की। अफसरों ने तन्मय पूरी कहानी सुनी। उसने बताया कि अखबार और सोशल मीडिया से साइबर ठगी के बारे में पता था। बड़ा होकर क्रिकेटर बनना चाहता हूं। इस पर अफसरों ने उससे कहा कि पुलिस अफसर बन जाओ। ऐसा होगा तो देश प्रदेश की अच्छे से सेवा कर करोगे और अपराधियों पर नकेल भी कसोगे।



कक्षा आठ के छात्र तन्मय को सम्मानित करते पुलिस अफसर।

- एडीजी कार्यालय में बताई पूरी कहानी, मोबाइल-अखबार से पता चले थे साइबर ठगी के मामले
- अफसर बोले, पुलिस क्यों नहीं बन जाते, अपराधियों पर अच्छे से नकेल कस पाओगे

### देर तक बच्चे की बात सुनते रहे पुलिस अधिकारी

तन्मय ने जब अपनी बात पुलिस को बताना शुरू किया तो वहां पर सन्नाटा पसर गया। सारे अफसर मासूम तन्मय को सुनते रहे। उसने अपनी उम्र से बड़ा काम किया। वह एक तरफ साइबर ठगों से बात भी करता रहा और दूसरी तरफ वह उनके बारे में गूगल से रिसर्च भी करता रहा।

### नेट पर चेक कर फर्जी वारंट का पता लगा लिया

तन्मय ने पुलिस अफसरों को बताया कि साइबर ठगों ने उसे जो वारंट दिखाया था। वह पूरी तरह फर्जी था। उसने नेट पर चेक किया तो पता चला की वारंट में कोर्ट की मोहर लगी होती है। जबकि उस वारंट में कोई मोहर नहीं लगी थी।

> तन्मय ने जो काम किया है वह बहुत की सराहनीय है। बच्चों को साइबर ठगी की जानकारी होनी चाहिए। इस जानकारी से परिवारों के साथ ठगी होने से रोका जा सकता है। बच्चों की जागरूकता उन्हें मजबूत बनाती है। **–रमित शर्मा**, एडीजी जोन

# लॉ स्टूडेंट की हत्या से आतंकित परिवार ने दीवारों पर लिखवा दिया... घर बिकाऊ है

## मुख्य आरोपी दबंग प्रधान की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित दहशत में, सीएम योगी से लगाई गुहार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली/ फरीदपुर**

**अमृत विचार।** लॉ स्टूडेंट योगेश की हत्या और आरोपी दबंग प्रधान की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित परिवार ने पलायन ने धमकी दे डाली है। सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर कहा गया है कि आरोपी प्रधान रामरहीस यादव समाजवादी पार्टी से जुड़ा है और गिरफ्तारी न होने से उसके हौसले बुलंद हैं। आरोपी षडयंत्र रचकर पूरे परिवार को नुकसान पहुंचा सकता है। सलामती को घर बेचकर पलायन के हालात पैदा हो गए हैं।

सिलसिले हत्याओं को लेकर चर्चाओं में रहे थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में 19 जनवरी को सरेआम एलएलबी के छात्र योगेश यादव को गोली से उड़ा दिया गया था। पुलिस को बताया गया था हमलावर प्रधान राम रईश यादव पक्ष से मनोज के परिवार की पहले से रंजिश चली आ रही थी। पुलिस की छानबीन में यह बात भी सामने आई थी कि मृतक के भतीजे का आरोपी पक्ष से मोबाइल की किश्त को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फरीदपुर थाने में घटना की रिपोर्ट मारे गए योगेश से बड़े अधिवक्ता भाई मनोज कुमार ने ग्राम प्रधान रामरहीश, रामऔतार, राम खिलाड़ी, पीके यादव व सुमित उर्फ नन्हे के खिलाफ दर्ज कराई गई थी।



दीवार पर लिखा घर बिकाऊ



मृतक योगेश का फोटो



भाई मनोज कुमार।

- धमकियों से परेशान होकर बोले, पलायन अब मजबूरी
- 19 जनवरी को थाना फरीदपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

### हत्याकांड के विरोध में उतरी थी बरेली बार एसोसिएशन

फरीदपुर तहसील के प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता मनोज कुमार के भाई लॉ स्टूडेंट की हत्या पर बार एसोसिएशन ने रोष जताया था। घटना का पता होते ही बार एसोसिएशन के सचिव दीपक पांडे एडवोकेट बरेली और फरीदपुर के तमाम अधिवक्ता साथियों के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए थे और सभी हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई थी।

### नवादा बिलसंडी में हो चुकी कई लोगों की हत्या

फरीदपुर क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में रंजिशों के चलते खूंरेज इबारत पहले भी लिखी जाती रही हैं। आपसी टकराव में कई हत्याएं हो चुकी हैं। सवा साल पहले गांव में एक हिस्ट्रीशीट का मर्डर हुआ था। जनवरी में हत्याकांड का शिकार हुए योगेश यादव के परिवार की हमलावर पक्ष से पहले से ही रंजिश चली आ रही थी। आरोपी पक्ष के खिलाफ वर्ष 2023 में मारपीट की रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। मोबाइल की किश्त के बाद विवाद ने रंजिश को और बढ़ा दिया और फिर एक नौजवान उसी भेंट चढ़ गया था।




हत्यारोपी की नेम प्लेट और सपा अध्यक्ष के साथ का वायरल फोटो। • अमृत विचार

परिवार का आरोप है कि पुलिस ने हत्यारोपी सुमित व पीके को तो गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी बाकी आरोपी खुले घूम रहे हैं। मृतक के भाई मनोज कुमार का कहना है कि मुख्य आरोपी प्रधान रामरईश समाजवादी पार्टी से जुड़ा है। बड़े नेताओं से सम्बंध हैं। उन्होंने वायरल फोटो भी शासन कारे भेजे हैं। पुलिस ने अभी उेस नहीं पकड़ा है। वह धमकियां दिला रहा है। परेशान होकर घर बिकाऊ लिखा है। पलायन के हालात हैं।

# मार्ट में भटक गया लल्ला मचा अपहरण का हल्ला



बच्चा नहीं मिलने पर मार्ट के बाहर लगी भीड़। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में शॉपि के बाहर बच्चे के अपहरण का शोर मच गया। देर तक हंगामा हुआ। बाद में मासूम मार्ट के अंदर सकुशल मिल गया तो परिजनों ने राहत की सांस ली।

सिविल लाइंस स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास शुक्रवार दोपहर एक परिवार बच्चों के साथ आया था। अचानक एक बच्चा गायब हो गया। परिजनों को लगा की उसे कोई उठाकर ले गया। देर तक बच्चे की तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिला। मौके पर भीड़ जुट गई। हंगामा होने लगा। इस बीच कुछ लोगों ने मार्ट के अंदर उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बाद में बच्चा मार्ट के अंदर ही सही सलामत मिल गया। परिवार ने देखते ही उसे गोद में लेकर दुलारा। सम्बंधित लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से भी करने की बात कही, हालांकि देर रात तक शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।

- लोगों की भीड़ जुटी, आधे घंटे के लगभग कटा हंगामा
- पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की कही बात

# गलत कमेंट करने पर हुई थी अमन की हत्या



जानकारी देते सीओ सिटी आशुतोष शिवम, पीछे खड़ा आरोपी समद मूसा।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- इंस्टाग्राम आईडी पर अभद्र पोस्ट करने पर अमन रजा से नाराज था समद मूसा
- सिटी पर बुलाकर की हत्या फिर कमरे में छुपा दिया था शव

**अमृत विचार:** रेलवे क्वार्टर में मिले शव मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया। सोशल मीडिया पर अभद्र और गलत कमेंट से गुस्साकर इंस्टाग्राम के दोस्त ने अमन की हत्या की थी। उसने फोन करके उसे रेलवे पटरी के पास बुलाया और पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के अन्य तीन दोस्त बेगुनाह निकले।

सीओ आशुतोष शिवम ने घटना का खुलासा किया। बताया कि आठ अप्रैल को युवक का शव मिला था। पहचान मलूकपुर निवासी अमन रजा के रूप में हुई। शिकायत पर अमन के दोस्त हिमांशु, नितिन और हैदर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन जांच में उन तीनों की लोकेशन सिटी के आसपास नहीं मिली। सीसीटीवी और सर्विलांस से किला के जखीरा के रहने वाले समद मूसा पर शक हुआ तो उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि पोस्ट पर भद्दे कमेंट करने को लेकर अमन को रेलवे पटरी पर पटक दिया। लातों से तब तक बार किए जब तक वह मर नहीं गया।

### मामा के यहां रहकर पढ़ रहा था

समद मूसा ने बताया कि वह जखीरा में अपनी मां के साथ मामा के घर पर रह रहकर प्राईवेट 10वीं की पढ़ाई कर रहा है। उसके मामा ऑटो चलाते हैं जबकि उसकी मां कपड़े सिलती है। वह गुस्से में इस वारदात को अंजाम दे गया। समद ने बताया कि सात अप्रैल की रात उसका मोबाइल बंद हो गया था। इसके चलते उसने अमन को चायवाले के मोबाइल से फोन किया और रेलवे स्टेशन पर बुलाकर हड़काया। बाद में उसकी हत्या कर उसके कपड़ों को छुपा दिया। पुलिस ने कपड़े भी बरामद कर लिए।

### अपनी ही दुनिया में रहते है चारों लोग

पुलिस ने हिमांशु, नितिन और हैदर से बातचीत की तो पता चला की वे अपनी ही दुनिया में रहते हैं। वे बहुत जागरूक हैं और अपने अधिकारों को जानते हैं। पूछताछ में उन्होंने कई ऐसी बाते बताईं कि पुलिस भी जानकर सन्न रह गई।

# हमले के आरोपी को पांच साल कारावास

**विधि संवाददाता, बरेली:** शराब के लिए रुपये न देने पर युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश-13 उमा शंकर कहार ने 5 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। धमकी देने के आरोप से बरी कर दिया।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि थाना हाफिजगंज के कुंवरपुर बंजरिया निवासी वादिनी नत्थो देवी ने बताया था कि पति मैकूलाल से 28 मई 2019 को अमित उर्फ चन्द्रभान ने शराब के लिए रुपये मांगे, न देने पर गन्धक पोटास से भरी पाइप से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जो मेरे पति के बांये कूल्हे पर लगा और वे बेहोश हो गये जिन्हें मेरे बेटे विक्रम ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अभियोजन ने पांच गवाह पेश किये।

# जमीन हड़पने की साजिश, कई के खिलाफ रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार।** मुरादाबाद की रहने वाली महिला की शिकायत पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने दिल्ली निवासी एक युवती सहित कई लोगों के खिलाफ जालसाजी-धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। नार्थ सिटी में स्थित जमीन पर आरोपियों की नजर थी और कूटरचित दस्तावेज बनाकर उस पर कब्जे की साजिश की जा रही थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, दबंगों की साजिश से परेशान निधि पत्नी विजय प्रताप सिंह मुरादाबाद के युवराज रेजीडेंसी रामगंगा नगर की रहने वाली हैं। उन्होंने आला अफसरों से न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित निधि के अनुसार, उनका नार्थ सिटी के पास प्लाट है। 2003 से मालिक हैं और कब्जा भी उन्हीं का है। प्लाट भगवती सहकारी आवास समिति से खरीदा था। कुछ लोग प्लाट पर कब्जा करने की साजिश कर रहे हैं। 15 मार्च को पता चला की कनिका सलूजा निवासी संतनगर श्रीनिवासपुरी दक्षिणी दिल्ली, ईस्ट ऑफ कैलाश फेस वन दिल्ली ने अपने पिता सूधीर सलूजा के मुख्तारेआम की हैसियत से प्रार्थिनी के स्वामित्व वाले प्लाट के दो बैनामे कर डाले। फर्जी और कूटरचित व बिना स्वामित्व के ही एक बैनामा ब्रजनंदन निवासी पीलीभीत व दूसरा बैनामा सचिन कांत सक्सेना निवासी परवाना नगर बरेली के नाम उपबिन्धक कार्यालय बरेली में कर दिया गया। पीड़ित निधि ने आरोप लगाया कि कनिका सलूता और उसके पिता सधीर सलूजा के साथ षडयंत्र में ब्रजनंदन सिंह, सचिन कांत, सक्सेना, व कपिल पटेल, निवासी म्यूडी केसरपुर, व मो नबी निवासी कुर्मांचल नगर में शामिल थे, जिन्होंने धोखाधड़ी कर उनके प्लाट के कूटरचित बैनामे निष्पादित करा लिए। जबकि आरोपियों के पास प्लाट का कोई स्वामित्व अधिकार मौजूद नहीं है। थाना प्रभारी इज्जतनगर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आरोपियों पर पहले भी दर्ज हो चुके मामले

पुलिस रिकार्ड के अनुसार, मुरादाबाद निवासी निधि के प्लाट पर कब्जे की साजिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ पहले भी इसी तरह के मामले दर्ज हो चुके हैं। 4 अक्टूबर 2025 को बिल्डर चरनपाल सोबती की शिकायत पर इज्जतनगर थाने में आरोपी कनिका सलूजा, नूर हसन, ताहिर हसन, कपिल पटेल, विकास यादव, प्रवेश कुमार सहित कई के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। फर्जी तरीके से आरोपी उनकी जमीन हथियाने की साजिश में लगे थे। अब वैसा ही एक और षडयंत्र सामने आने से पुलिस का रुख ज्यादा सख्त हो गया है। जमीन को लेकर पहले से लंबा विवाद चल रहा है। इस मामले को लेकर पहले भी मामले दर्ज हो चके है। पहले चरन पाल सोबती ने 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। कुछ अन्य थानों में भी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज बताए जाते हैं।

# जंक्शन चौकी के पास से युवक का शव बरामद

**बरेली, अमृत विचार:** देर शाम जंक्शन चौकी के पास सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी मच गई। देखते ही देखते वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

लोगों ने बताया कि सड़क किनारे एक आदमी बैठे बैठे गिर गया। उसकी कुछ देर में मौत हो गई। चौकी प्रभारी गौरव अत्री मौके पर पहुंचे और मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन रात तक उनकी पहचान नहीं हो सकी। दरोगा गौरव ने बताया कि मृतक एक हिंदू युवक है। उसकी उम्र लगभग 40 साल के करीब है। कोई सामान नहीं मिला है।

**खतरनाक शौक** — वायरल वीडियो को लेकर हरकत में आए सुरक्षा बल, नवादा शेखान की युवती के खिलाफ शुरू हुई कार्रवाई

# जान हथेली पर रखकर रेलवे ट्रैक के बीच नाची 'रील गर्ल'

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** रील बनाने के चक्कर में रेलवे ट्रैक के बीचोबीच उछल-कूद करना बारादरी क्षेत्र की एक युवती को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई को लेकर शोर उठा तो आरपीएफ, जीआरपी हरकत में आ गए और आरोपी लड़की की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

आरपीएफ के अनुसार, पता लगा कि नवादा शेखान की बताई जा रही 'रील गर्ल' रेलवे ने ट्रैक के बीच में खड़े होकर डांस किया था। सामने से युवक कैमरा चला रहा था। अचानक ट्रेन आ जाती तो अनहोनी हो सकती थी।14 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ तो हिन्दू जागरण मंच के युवा जिलाध्यक्ष हिमांशु ने एक्स पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद सुरक्षाबल हरकत में आ गए।

आरपीएफ प्रभारी विनिता कुमारी ने बताया कि ट्रैक पर अनधिकृत रूप से प्रवेश करना अपराध है। लड़की के साथ इसे लेकर एक साल तक की सजा हो सकती है। आरोपी युवती की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

### ऐसा अपराध करने पर 1 साल की सजा संभव

रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 के तहत रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत प्रवेश पर 1000 रुपये का जुर्माना और छह माह का की जेल या दोनों हो सकती है।, धारा 145 के तहत जिसमें 3 महीने तक जेल या 500 रुपये का जुर्माने का निमय है। धारा 154 में रेलवे की सुरक्षा को खतरे में डालने पर कार्रवाई की जाती है।

### नवाबगंज में ऐसे ही चली गई फैजान की जान

नवाबगंज में हाइवे किनारे 31 जनवरी को रील बनाने के लिए मोहम्मद फैजान पत्थर पर चढ़ा। ऊपर से नीचे गिर गया और उसके ऊपर पत्थर गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई।, खतरनाक जगह पर रील बना रहा फैजान मौत के मुंह में समा गया था। बरेली में ऐसी अनहोनियां कई बार हो चुकी हैं।



रेलवे ट्रैक पर डांस करती युवती। • अमृत विचार

# चार अपराधी जिला बदर, दो की थानों पर हाजिरी तय

**बरेली, अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत चार शातिर अपराधियों को जिला बदर किया है। दो को संबंधित थानों पर नियमित हाजिरी देने के लिए पाबंद किया गया है। इज्जतनगर के ग्राम गिरधरपुर के सरवर को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी थाने के आसिफ और फुरकान नबी खां के खिलाफ भी निष्कासन की कार्रवाई अमल में लाई गई है। देवरनिया थाने के गांव बिहारीपुर के राजू को उसके आपराधिक इतिहास के कारण चार माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसके अतिरिक्त, बहेड़ी थाने के इदरीश और देवरनिया थाने के शानू को संबंधित थानों पर हाजिरी देने पर पाबंद किया गया है।

## सिटी ब्रीफ

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक का अवसर

बरेली, अमृत विचार : बरेली के ताइक्वांडो खिलाड़ी लखनऊ में 15 से 18 अप्रैल तक ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पदक लिए मुकाबला करेंगे। बरेली की टीम 15 अप्रैल को लखनऊ के लिए रवाना होगी। फाइट, पूमसे और दोनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 60 जिलों के 800 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

### रोटरी क्लब का बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

बरेली, अमृत विचार : रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से बैडमिंटन टूर्नामेंट का आरंभ शनिवार से स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। सुबह 10 बजे कैंट विधायक संजीव अग्रवाल उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अनुपम कपूर ने बताया कि प्रतियोगिता में बरेली के विभिन्न स्कूलों के 200 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। मीडिया प्रभारी संदीप मेहरा ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# जिले में खरीफ फसलों के लिए उर्वरक कोटा तय

## नई व्यवस्था के तहत एक हेक्टेयर पर मिलेंगे सात बैग यूरिया और पांच बोरा डीएपी, कालाबाजारी पर चेताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन में बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम ने उर्वरक प्रबंधन समिति एवं धरती माता बचाओ अभियान की बैठक में दिए निर्देश
- जिला कृषि अधिकारी और पीसीएफ प्रभारियों को स्टॉक की रोजाना रिपोर्टिंग के आदेश

**अमृत विचार:** खरीफ सीजन 2026 में किसानों को खाद की किल्लत न हो और उर्वरकों का समान वितरण किया जा सके, इसके लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में उर्वरक प्रबंधन समिति एवं 'धरती माता बचाओ अभियान' की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी स्तर पर खाद की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या टैगिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी सहकारी समिति के सचिव या निजी विक्रेता के खिलाफ ऐसी शिकायत मिलती है, तो उनके विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने नया मानक तय किया है। इसके तहत एक हेक्टेयर भूमि वाले किसान को अधिकतम सात बैग यूरिया और पांच बैग डीएपी उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि किसान के पास एक हेक्टेयर से कम या अधिक भूमि है, तो उसी अनुपात में उर्वरक की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकेगी। हालांकि, इसके लिए विक्रेताओं को किसान की खतौनी का मिलान अनिवार्य रूप से करना होगा। सीडीओ देवयानी ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य बड़े जमाखोरों पर लगाम लगाना और सीमांत व लघु किसानों तक खाद की पहुंच आसान बनाना है।

बैठक में उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों और पीसीएफ प्रभारियों को स्टॉक की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा फॉर्मर रजिस्ट्री पर भी विशेष जोर दिया गया। सभी थोक व फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि खाद देते समय किसान से यह अवश्य पूछें कि उनकी फॉर्मर रजिस्ट्री हुई है या नहीं। यदि किसी किसान की रजिस्ट्री नहीं हुई है, तो उसे इसके लाभ बताते हुए पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाए। ''धरती माता बचाओ अभियान'' के तहत रासायनिक खादों के संतुलित प्रयोग और जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाने की अपील भी की गई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, डीसीओ दिलीप सैनी, एआर कॉपरेटिव ब्रजेश परिहार समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली के 11 श्रद्धालु करेंगे सोमनाथ धाम की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 13 अप्रैल तक यात्रा के लिए करना होगा आवेदन
- विशेष समिति करेगी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का चयन

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली के 11 विभिन्न क्षेत्रों के चयनित प्रतिनिधियों को सोमनाथ धाम की तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि इस यात्रा के लिए समाज के विभिन्न वर्गों जैसे शॉपकीपर्स, महिलाएं, गिग वर्कर्स, सीनियर सिटीजन, युवा प्रोफेशनल और सफाई कर्मचारियों समेत कुल 11 समूहों से एक-एक व्यक्ति का चयन किया जाएगा। चयनित श्रद्धालुओं को 18 अप्रैल 2026 को लखनऊ प्रस्थान करना होगा, जहां से संस्कृति विभाग की ओर से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उन्हें आगे भेजा जाएगा।

जनपद स्तर पर इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय नगर मजिस्ट्रेट और जिला विकास अधिकारी को सौंपा गया है। यात्रा के इच्छुक बरेली के मूल निवासियों को 13 अप्रैल की शाम पांच बजे तक आवेदन नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय, जिला सूचना कार्यालय या जिला पर्यटन संस्कृति परिषद में जमा करने होंगे। आवेदन के साथ मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पुलिस की ओर से जारी चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के लिए एक विशेष समिति गठित की गई है, जो आवेदकों के स्वास्थ्य और उनकी साफ-सुथरी छवि के आधार पर निर्णय लेगी।

# सीएम युवा उद्यमी अभियान के तहत बैंकरों को किया सम्मानित



अर्बन हाट में बैंक कर्मी को सम्मानित करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत शुक्रवार को अर्बन हाट में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैंकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को योजना के तहत 2700 ऋण वितरण का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 2750 ऋण वितरित कर लगभग 102 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संबंधित बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों और जिला समन्वयकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 20 से अधिक ऋण वितरण करने वाले 26 शाखा प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सुभाष नगर शाखा ने 78 ऋण वितरित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक की सराहना की गई। उपायुक्त उद्योग एवं जिला उद्योग केंद्र विकास यादव ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 2800 ऋण लक्ष्य की जानकारी देते हुए सभी बैंकों से समय पर लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया।

# गोमती नगर-बांद्रा टर्मिनस के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार** : गर्मी में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने गोमती नगर और बांद्रा टर्मिनस के बीच ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 22 कोच अलग से लगाए जाएंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार गोमती नगर-बांद्रा टर्मिनस-गोमती नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन गोमती नगर से 13 अप्रैल से 11 मई तक प्रत्येक सोमवार को और बांद्रा टर्मिनस से 14 अप्रैल से 12 मई तक प्रत्येक मंगलवार को कुल पांच फेरों के लिए किया जाएगा। स्पेशल ट्रेन गोमती नगर से दोपहर दो बजे प्रस्थान कर रास्ते में बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा, भरतपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा और सूरत सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करते हुए अगले दिन रात आठ बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। बांद्रा टर्मिनस से रात 11 बजे चलकर सुबह 7:35 बजे गोमती नगर पहुंचेगी।

# अंडरपास निर्माण: इज्जतनगर से ही चलेगी मेला स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- श्मशान भूमि पर एलएचएस लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर बन रहा अंडरपास

**अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में बरेली सिटी रेलवे स्टेशन यार्ड स्थित श्मशान भूमि पर एलएचएस लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर अंडरपास निर्माण कार्य किए जाने के कारण रेल संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। 12 अप्रैल की रात 12:20 बजे से 3:20 बजे तक यातायात व पावर ब्लॉक लिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि इस ब्लॉक के चलते कुछ ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। गाड़ी संख्या 05307 टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल को 11 अप्रैल को इज्जतनगर स्टेशन पर ही शॉर्ट-टर्मिनेट किया जाएगा। यह ट्रेन से बरेली जंक्शन तक नहीं जाएगी और यात्रियों को इज्जतनगर स्टेशन पर ही उतरना होगा। वहीं, गाड़ी संख्या 05308 बरेली-टनकपुर मेला स्पेशल को 12 अप्रैल को बरेली जंक्शन के बजाय इज्जतनगर स्टेशन से ही शॉर्ट-ओरिजिनेट किया जाएगा। यह ट्रेन इज्जतनगर से टनकपुर के लिए रवाना होगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बनाएं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह कार्य यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। एलएचएस निर्माण से भविष्य में समपार पर जाम और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

### बरेली रूट की कई गाड़ियों में अतिरिक्त सुविधा

**बरेली, अमृत विचार** : मुरादाबाद मंडल ने विभिन्न ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। इससे बरेली होकर गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को खासा लाभ मिलेगा। रेलवे के अनुसार, देहरादून-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस और नई दिल्ली-देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस में निर्धारित अवधि तक एक-एक अतिरिक्त चेयर कार जोड़ी जाएगी। इसके अलावा दिल्ली-सीतामढ़ी स्पेशल और सीतामढ़ी-दिल्ली स्पेशल में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मऊ/मुरादाबाद-दिल्ली एक्सप्रेस तथा दिल्ली-मऊ/मुरादाबाद एक्सप्रेस, अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस और दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस में भी अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़े जाएंगे। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को कंफर्म सीट मिलने की संभावना बढ़ेगी। इसी क्रम में वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस और बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस में भी अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाए जाएंगे, जिससे स्थानीय यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं आनंद विहार-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस और गाजीपुर सिटी-आनंद विहार एक्सप्रेस में भी अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह व्यवस्था 11 अप्रैल से अलग-अलग तिथियों तक लागू रहेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि सफर अधिक सुविधाजनक और सुगम बनाया जा सके।

### गर्मी में यात्रियों को मिलेगी राहत, बरेली से होकर गुजरेंगी कई स्पेशल ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार** : गर्मी के मौसम में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। मुरादाबाद मंडल के अनुसार, कई स्पेशल ट्रेनें बरेली होकर गुजरेंगी, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे द्वारा फिरोजपुर-झंझारपुर रिजर्व स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन 18 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन बरेली जंक्शन से होकर गुजरेगी। इसके अलावा मेरठ सिटी-सांतरागाछी रिजर्व स्पेशल एक्सप्रेस का भी एक-एक फेरा 14 और 16 अप्रैल को चलाया जाएगा। वहीं भावनगर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन का संचालन अप्रैल से जून के बीच अलग-अलग तिथियों पर किया जाएगा। खासतौर पर बरेली और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को इन स्पेशल ट्रेनों से सीधा लाभ मिलेगा। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### रबराइज्ड कार्य के चलते किच्छा बाजार पर समपार फाटक रहेगा बंद

**बरेली, अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत किच्छा-बहेड़ी रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित किच्छा बाजार पर रबराइज्ड कार्य किए जाने के कारण इसे अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि यह समपार 11 अप्रैल की रात आठ बजे से 12 अप्रैल की सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान समपार पर सड़क पार करने वाले यात्रियों व नागरिकों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। इसके लिए समपार संख्या 39 सी बंडिया किच्छा और समपार संख्या 37 सी सिरौली गेट को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निर्धारित किया गया है। रेलवे प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के दौरान इन वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें जिससे किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके। रेल प्रशासन ने कहा कि यह कार्य समपार को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## सिटी डायरी

### वर्ल्ड होम्योपैथी डे पर किया कार्यक्रम का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार** : होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के अवसर पर होम्योपैथिक डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से स्टेडियम रोड स्थित होटल में वर्ल्ड होम्योपैथी डे का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के सचिव डॉ. राहुल ने होम्योपैथी को एक मंच पर लाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. प्रवीण गुप्ता को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिकित्सकों एवं उनके परिवारों ने गेम्स, नृत्य और गायन प्रस्तुतियों का आनंद लिया। एचडीडब्ल्यूए के माध्यम से शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

### चित्रकूट धाम रवाना हुआ 55 भक्तों का समूह



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली नाथ नगरी से 55 भक्तों का एक समूह शुक्रवार को दो दिवसीय चित्रकूट धाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। विहिप के महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने बताया कि संगठन और समाज के 15 परिवारों के सदस्य इस यात्रा में शामिल हैं। सोमवार सुबह तक उनकी वापसी होगी। पंजाबी युवा मंच के नवनीत सिंह पाटा, संदीप सिंह, सचिन सिंह और दीपक सिंह ने यात्रियों को जलपान की सामग्री भेंट की। यात्रा में पुनीत अरोड़ा, डॉ राजेश गंगवार, गौरव शंखधार, दीपक शर्मा, डॉ जगपाल गंगवार और अन्य लोग शामिल रहे।

### फुले जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी में पुस्तक का विमोचन



**बरेली, अमृत विचार** : महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती की पूर्व संध्या पर महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय स्थित शोधपीठ में विचार गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन किया गया। शोधपीठ के समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. कामिनी विश्वकर्मा की पुस्तक महात्मा ज्योतिबा फुले : एक महान राष्ट्र निर्माता का विमोचन कुलपति प्रो. केपी सिंह और कुलसचिव हरिश चंद्र ने किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने उस दौर में श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, जब समाज में समानता और शिक्षा का अभाव था। संचालन हरिमोहन वर्मा ने किया। विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अंडर-16 क्रिकेट टीम के कप्तान बने विधान पांडे



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने शुक्रवार को जिले की अंडर-16 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी। एसोसिएशन ने सुरेश शर्मा नगर निवासी लेफ्ट आर्म चाइनामैन बॉलर विधान पांडे को टीम की कप्तानी दी। विधान जीआरएम स्कूल में कक्षा नौ के छात्र और वरिष्ठ क्रिकेटर प्रशांत पांडे के पुत्र हैं। उनका पिछले वर्ष भी जोनल टीम में चयन हुआ था। जिले के क्रिकेट ऑब्जर्वर ओपी कोहली ने बताया कि टीम में प्रतीक पाल, जयंत तोमर, हिमांशु, आदित्य, कृष्णा, मनीष, प्रियांशुल, गुरजोत, विरल, अक्षत, आरब, जुबैर, सुमित, कबीर, विवान और कार्तिक पांडे को चुना गया है। सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि अंश यादव, अंश उपाध्याय, आयुष सिंह, पार्थ अग्रवाल, संकेत मिश्रा, सिद्धार्थ गंगवार और प्रसमय प्रताप सिंह को स्टैंड बाई में शामिल किया गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन असम के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता, बरेली


असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी कर आक्रोश जताया

**अमृत विचार** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व प्रवक्ता पवन खेड़ा पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की टिप्पणियों के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक आक्रोश व्यक्त किया।

महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि इस प्रकार की मानसिकता रखने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि देश की जनता इस तरह की टिप्पणियों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। केके शर्मा ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करती है और राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध है। रमेश श्रीवास्तव, उल्फत सिंह कठेरिया, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, योगेश जायसवाल, तीर्थ मधुकर, एमके घोष, गोरंग घोष, साहब सिंह, महेंद्र पाल गंगवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिना टिकट यात्रा करने वालों से 20.3 करोड़ की वसूली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चेकिंग अभियान से इज्जतनगर रेल मंडल का बढ़ा राजस्व

**अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में बड़ी सफलता मिली है। विभाग ने 20.3 करोड़ रुपये की वसूली की।

मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच मंडल में कुल 150 बस रेड, 102 किलाबंदी अभियान, 144 ब्रांच लाइन चेकिंग, 348 स्पॉट चेकिंग और विभिन्न सेक्शनल जांच अभियान चलाए गए। इन व्यापक कार्रवाइयों का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों और बिना बुक कराए सामान ले जाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाना था। विभाग ने अभियानों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3.52 लाख से अधिक उच्च प्रभार (पेनल्टी) के मामले दर्ज किए गए। जिनसे 20.03 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की तुलना में राजस्व में 25.97 प्रतिशत और मामलों की संख्या में 20.20 प्रतिशत की वृद्धि के रूप में रहा। रेल प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय मंडल के सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया है। रेलवे का कहना है कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे जिससे न केवल राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि यात्रियों में नियमों के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी।

# अपना दल एस की मासिक बैठक

**बरेली, अमृत विचार:** अपना दल (एस) ने शुक्रवार को कैंट, आंवला, शहर, भोजीपुरा और नवाबगंज में मासिक बैठकों का आयोजन किया।

कैंट में क्षेत्रीय अध्यक्ष दानिश जीशान खान ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने का मंत्र दिया। आंवला में मासिक लक्ष्य निर्धारित किए गए। नवाबगंज में विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने और प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। भोजीपुरा और शहर विधानसभा में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार, विवेक गंगवार, तल्हा खान, योगेंद्र पटेल, अजय गंगवार, राम रघुवर पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पशुपालन** 264 गायों पर शोध के बाद 98 .76 प्रतिशत सटीकता, आईवीआरआई के वैज्ञानिक विकसित कर रहे एप

# एप बताएगा गाय की दूध उत्पादन क्षमता

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- एप गाय के थूथन को स्कैन कर देगा दूध की जानकारी

**अमृत विचार:** जिस तरह मनुष्यों की पहचान उनके फिंगरप्रिंट से होती है और उसी आधार पर उनकी विशिष्टता तय की जाती है। उसी तर्ज पर गायों का फिंगरप्रिंट भी उनकी क्षमता बताएगा। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित मोबाइल एप विकसित कर रहे हैं, जो गाय के थूथन (मजल) को स्कैन कर उसकी दूध उत्पादन क्षमता बताने में समर्थ होगा। यह तकनीक फिलहाल अंतिम चरण में है, जल्द ही आम पशुपालकों को इसका लाभ मिल सकेगा।

पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन अनुभाग के वैज्ञानिक डॉ. अयोन तरफदार ने बताया कि हर गाय के थूथन (मजल) पर अलग-अलग पैटर्न पाए जाते हैं। इन पैटर्न्स को रिजेज (लंबी रेखाएं) और बीड्स (छोटी गोल आकृतियां) में वर्गीकृत किया गया है। मनुष्यों की तरह गाय में भी खास बात यह है कि दुनिया की किसी भी दो गायों के थूथन का पैटर्न एक जैसा नहीं होता। इसी को आधार बनाकर वैज्ञानिकों ने कन्वेन्शनल न्यूरल नेटवर्क (सीएनएन) तकनीक का इस्तेमाल किया है। जो तस्वीरों के माध्यम से सटीक विश्लेषण करती है। वैज्ञानिकों ने इस प्रोजेक्ट के तहत आईवीआरआई संस्थान के डेयरी फार्म की 264 गायों पर गहन अध्ययन करते हुए 2640 इमेज को क्लिक किया गया। प्रत्येक गाय की अलग-अलग कोणों से 10-10 तस्वीरें ली गईं और उनके डेटा को वास्तविक दूध उत्पादन रिकॉर्ड से मिलाया गया। शोध के परिणाम बेहद प्रभावशाली रहे हैं। इस तकनीक ने 98.76 प्रतिशत तक की सटीकता हासिल की है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एप पशुपालकों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगा। अब तक पशुपालकों को गाय खरीदते समय उसकी दूध देने की क्षमता का अनुमान अनुभव के आधार पर लगाना पड़ता था, जिससे कई बार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। इस एप के जरिए किसान थूथन की फोटो अपलोड कर गाय की संभावित दूध उत्पादन क्षमता का वैज्ञानिक आकलन प्राप्त कर सकेंगे। वैज्ञानिकों के शोध में यह भी सामने आया है कि गायों के थूथन के पैटर्न में लगभग तीन साल में हल्का बदलाव आता है जिसे एप के माध्यम से समय-समय पर अपडेट किया जा सकेगा। इस परियोजना में डा. स्वर्णलता, डा. हरिओम पांडेय, डा. मानस पात्रा, डा. मुकेश सिंह और डा. एके पांडेय भी शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसएन वॉरियर्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**बरेली, अमृत विचार** : निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब पर खेले जा रहे जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में शुक्रवार रात एसएन वॉरियर्स ने मिशन इलेवन को 13 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएन वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए। टीम की ओर से शादाब अंसारी ने 64 रन की आकर्षक पारी खेली। दीपक ने 36 रन का अहम योगदान दिया। मिशन इलेवन की टीम 192 रन पर सिमट गई। आयुष मेसी ने 41 रन और डॉ सलिल बलदेव ने 34 रन बनाए। इस जीत के साथ एसएन वॉरियर्स ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मैच में अंपायरिंग पिंटू चौधरी और मदन लाल ने की।

### अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा पूर्ति कार्यालय

**बरेली, अमृत विचार** : शादी-ब्याह के सीजन को देखते हुए जिला पूर्ति कार्यालय ने आम जनता की सुविधा के लिए विशेष पहल की है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार के अनुसार, विवाह समारोहों आदि प्रयोजनों के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अब जिला मुख्यालय और तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालय द्वितीय शनिवार व रविवार के सार्वजनिक अवकाश में भी खुले रहेंगे। संबंधित व्यक्ति प्रार्थना पत्र अवकाश के दिनों में भी सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं।

### चंद्रगुप्त मौर्य जयंती पर छात्रों का सम्मान

**बरेली, अमृत विचार** : अशोक महान सेवा संघ द्वारा शुक्रवार को चंद्रगुप्त मौर्य के जन्मोत्सव पर मौर्य नगर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता अध्यक्ष कुं0 भूपेंद्र मौर्य, संचालन महामंत्री चंद्रपाल सिंह मौर्य ने किया। मंगलसेन मौर्य, देवेंद्र मौर्य, तोताराम मौर्य, मुन्ना मौर्य, मदन लाल मौर्य, ब्रज वल्लभ मौर्य, महेंद्र पाल मौर्य, मनोज मौर्य, प्रेम प्रकाश मौर्य, हरिपाल सिंह, दयाशंकर मौर्य, सुनीता मौर्य, गोविंद सैनी, हरिओम, ब्रह्मानंद मौर्य, सियाराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# हरूनगला में चल रहा था नकली खाद का धंधा

## गोदाम से लिए गए छह नमूनों की जांच से सच उजागार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले महीने संचालकों पर हुई एफआईआर, अब अधोमानक नमूनों ने बढ़ाई मुश्किलें
- जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने विवेचक को सौंपी लैब जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कृषि विभाग के प्रवर्तन दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हरूनगला में पकड़ी खाद के काले कारोबार में बड़ा खुलासा हुआ है। सुरेंद्र कुमार और उसके साथी बबलू के गोदाम से लिए गए खाद के सभी छह नमूने लैब टेस्ट में फेल हो गए हैं। जांच रिपोर्ट में उर्वरकों के अधोमानक (सब-स्टैंडर्ड) पाए जाने के बाद जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने इसकी रिपोर्ट बारादरी थाने के विवेचक को सौंप दी है। अब पुलिस इन जालसाजों के खिलाफ कानूनी शिकंजा और कसने की तैयारी कर रही है। वहीं, विभाग अब न्यायालय के आदेश का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद जब्त किए गए इस अवैध खाद को पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा।

यह पूरा खेल हरूनगला क्षेत्र में एक अवैध गोदाम से संचालित हो रहा था। 25 मार्च को छापेमारी के दौरान खुलासा हुआ था कि सुरेंद्र और बबलू मिलकर माइक्रो न्यूट्रिएंट, एमओपी और फेरस सल्फेट का अवैध भंडारण कर रहे थे। वे बाजार में इसे ऑर्गेनिक पोटाश बताकर ऊंचे दामों पर बेचे रहे थे। इस नकली खाद की सप्लाई बरेली से लेकर मुरादाबाद तक के ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही थी। छापेमारी के दौरान मिली सामग्री के संबंध में आरोपी कोई भी वैध बिल या इनवॉइस पेश नहीं कर सके थे जिसके बाद गोदाम को सील कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, लैब रिपोर्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह खाद फसलों के लिए अनुपयोगी और हानिकारक थी। संदिग्धता के आधार पर लिए गए नमूनों के फेल होने के बाद स्पष्ट कहा है कि किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे अवैध व्यापार को जड़ से खत्म किया जाएगा। कोर्ट का निर्णय आते ही नकली खाद को नष्ट किया जाएगा ताकि यह दोबारा बाजार में न पहुंच सके।

## आईवीआरआई तलाशेगा 25 गिद्धों की मौत का सच

**बरेली, अमृत विचार:** खीरी के दुधवा टाइगर रिजर्व में एक साथ 25 गिद्धों की मौत का मामला अब वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ गया है। गिद्धों के शवों और उनके विसरा को जांच के लिए बरेली स्थित इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट भेजा गया है। जहां विशेषज्ञ टीम मौत के असली कारण का पता लगाने में जुटी है।

वन विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिद्धों की मौत संभवत जहरीले मांस के सेवन से हुई है। ग्रामीणों द्वारा आवारा कुत्तों को मारने के लिए जहर मिलाकर रखा गया खाद्य पदार्थ कुत्ते ने खा लिया। बाद में उसी मृत कुत्ते को खाने से गिद्ध भी जहर की चपेट में आ गए। घटना के बाद अधिकांश गिद्धों का पोस्टमार्टम मौके पर ही कराया गया। जबकि कुछ शवों के साथ सभी नमूने विस्तृत परीक्षण के लिए आईवीआरआई भेजे गए हैं। वैज्ञानिक अब यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि आखिर किस प्रकार का जहर इस सामूहिक मौत का कारण बना।

# द स्पाइन फाउंडेशन विषय पर व्याख्यान



स्पाइन फाउंडेशन विषय पर बोलते वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डा. शेखर भोजराज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अस्थि रोग विभाग में आयोजन

**अमृत विचार:** रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) विभाग में द स्पाइन फाउंडेशन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रसिद्ध रीढ़ शल्य चिकित्सक द स्पाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. शेखर भोजराज ने विभाग के चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया।

शुक्रवार सुबह व्याख्यान से पूर्व विभिन्न जटिल मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें कनिष्ठ रेजिडेंट एवं वरिष्ठ रेजिडेंट ने भागीदारी की। इस संवादात्मक सत्र के माध्यम से चिकित्सकों को रीढ़ से संबंधित आधुनिक उपचार पद्धतियों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। व्याख्यान के दौरान द स्पाइन फाउंडेशन (टीएसएफ) की कार्ययात्रा पर भी प्रकाश डाला गया। इसमें बताया गया कि संस्था निरंतर इस दिशा में प्रयासरत है कि गरीब एवं अभावग्रस्त मरीजों को बेहतर एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. वरुण अग्रवाल (प्रोफेसर, अस्थि रोग विभाग, आरएमसीएच) द्वारा किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. एम एम नागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के प्राचार्य डॉ. रजनीश पठानिया ने डॉ. शेखर भोजराज को स्मृति-चिह्न एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। द स्पाइन फाउंडेशन की टीम द्वारा बंथरा स्थित वरुण-अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में दो दिनों में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे स्थानीय मरीजों को विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

# आवेदन 65सौ युवाओं ने किए 2750 का ही सपना साकार

- सीएम युवा उद्यमी योजना में बैंकिंग अड़चनें बनी चुनौती

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना युवाओं को स्वरोजगार की राह दिखाने का बड़ा माध्यम बन रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर आवेदन और स्वीकृति के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। योजना के तहत जिले में करीब 65 सौ युवाओं ने उद्यमी बनने का सपना देखते हुए आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 2750 युवाओं का ही सपना साकार हो सका।

जानकारी के अनुसार विभाग ने 65 सौ में कुल 57सौ आवेदन बैंकों को अग्रसारित किए थे लेकिन बैंकिंग प्रक्रिया और तकनीकी कारणों के चलते केवल 2750 फाइलें ही स्वीकृत हो पाईं। कई मामलों में बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति नहीं दी गई, जबकि कुछ आवेदन विभागीय स्तर पर ही निरस्त हो गए। हालांकि विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 2700 युवाओं को ही उद्यमी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे पूरा कर लिया गया है।

उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि शासन से मिले निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 27 सौ से अधिक युवाओं को योजना का लाभ दिया गया है। शेष आवेदनों में बैंकिंग और दस्तावेज संबंधी समस्याएं सामने आईं जिन्हें दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आवेदन करने वालों को भविष्य में समस्या न आए, इसके लिए विभाग और सक्रिय रहेगा।

## बच्चों में प्रॉक्सिमल कैरीज के कारण बताए

**बरेली, अमृत विचार:** बच्चों के दांतों में होने वाली सड़न (कैरीज) एक आम समस्या है। जब यह सड़न दांतों के बीच की जगह में होती है, तो इसे प्रॉक्सिमल कैरीज कहा जाता है।

डॉक्टरों ने बताया कि प्रॉक्सिमल कैरीज उन हिस्सों में होती है जहां दो दांत जुड़े होते हैं। इस जगह पर खाना फंस जाता है और सफाई ठीक से न होने पर बैक्टीरिया एसिड बनाते हैं, जिससे दांतों में सड़न शुरू हो जाती है। दंत चिकित्सक एक्स-रे की मदद से इसकी सही पहचान करते हैं। शुरुआती अवस्था में इसे फ्लोराइड ट्रीटमेंट से ठीक किया जा सकता है, यदि कैविटी बढ़ जाए तो फिलिंग की जाती है। ज्यादा नुकसान होने पर अन्य दंत उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। सही समय पर पहचान और अच्छी मौखिक स्वच्छता से इसे आसानी से रोका जा सकता है।

# अखंड कीर्तन दरबार में श्रद्धावनत हुई संगत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



गुरुद्वारा माडल टाउन में कीर्तन करते भाई प्रितपाल सिंह कनाडा वाले।

- कनाडा से आए भाई प्रितपाल सिंह ने जत्थे के साथ गुरबाणी कीर्तन से संगत को किया निहाल
- 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड पर सजेगा मुख्य दीवान

**अमृत विचार:** खालसा साजना दिवस (बैसाखी पर्व) के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु गोविंद सिंह नगर मॉडल टाउन में अलौकिक अखंड कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाई निर्मल सिंह ने रहिरास साहिब के पाठ कराया। इसके बाद हजूरी रागी भाई हरमीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

कार्यक्रम में अंबाला से पधारे ज्ञानी लखविंदर सिंह कैथल ने संगत को गुरु इतिहास से अवगत कराते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम में कनाडा से आए भाई प्रितपाल सिंह ने अपने जत्थे के साथ गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया। कीर्तन के दौरान बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। अंत में अरदास, हुकुमनामा और सुखासन के बाद संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया।

महासचिव गुरदीप सिंह बग्गा ने बताया कि 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड पर मुख्य दीवान आयोजित होगा। 15 अप्रैल को गुरुद्वारा परिसर में अमृत संचार कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। अध्यक्ष मलिक सिंह कालड़ा ने संगत से अमृत पान कर खालसा पंथ से जुड़ने की अपील की। माता भाग कौर ग्रुप की ओर से आयोजित गुरमति प्रतियोगिताओं के विजेताओं अवनीत कौर, गुरफतेह सिंह, बक्शिश सिंह, भवदीप सिंह, करमजीत सिंह समेत कई प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में राजेंद्र सिंह, मनदीप सिंह, बलविंदर सिंह, चंद्रमोहन खन्ना, राणा प्रताप सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरदर्शन सिंह और अमरजीत सिंह सहित कई सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

# बरेली कॉलेज में प्रो. इंद्रीवर सिंह को सौंपा गया चीफ प्रॉक्टर का प्रभार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रो. इंद्रीवर सिंह को चार्ज देते पूर्व चीफ प्रॉक्टर डॉ आलोक खरे, प्राचार्य प्रो. ओपी राय।

- कॉलेज परिसर में अनुशासन व्यवस्था पर रहेगा फोकस

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में चीफ प्रॉक्टर पद का औपचारिक प्रभार परिवर्तन शुक्रवार को हुआ। प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने नए चीफ प्रॉक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय की उपस्थिति में पूर्व चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने उन्हें विधिवत चार्ज सौंपा। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर कार्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पत्रावली एवं अभिलेखों का हस्तांतरण किया गया।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने कहा कि कॉलेज परिसर में अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करना प्राथमिकता होगी। छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित और शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना आवश्यक है। कॉलेज परिसर में किसी भी बाहरी तत्व के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। साथ ही अनावश्यक गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए अनुशासन और संवाद दोनों को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि पढ़ाई का माहौल बेहतर हो सके। कॉलेज प्रशासन और प्रॉक्टोरियल बोर्ड मिलकर कॉलेज की गरिमा बनाए रखने के लिए काम करेंगे। उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. स्वेदश सिंह, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. टीएस चौहान, प्रो. योगेश शर्मा, डॉ. महमूद खान, डॉ. सारा बासू, प्रो. पवन शर्मा, डॉ. रमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल समिति की कोर कमेटी की बैठक एक होटल में हुई।

प्रदेश महामंत्री पवन अरोड़ा और महानगर महामंत्री सुदेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों और आम जनता की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड तक अतिक्रमण की समस्या पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि कार्रवाई पूरी तरह विधिसम्मत होगी और किसी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। इस दौरान भाजपा महानगर टीम में नई जिम्मेदारियां मिलने पर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष रितेश मोहन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, संगठन महामंत्री नीलेश अग्रवाल व जिला उपाध्यक्ष के.एल. घेरा को सम्मानित किया गया। राज कमल भसीन, वकील अहमद, सचिन गुप्ता, संजीव अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा और बरेली निवासी शिखर मूलचंदानी (गुजरात में न्यायाधीश) का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज रोहतगी ने कार्यक्रम की जानकारी दी।




सम्मानपत्र देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### बच्चों को दी गई मौखिक स्वच्छता की जानकारी




**बरेली, अमृत विचार** : ओरल हेल्थ मंथ के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, बरेली की ओर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवतीपुर, प्राथमिक विद्यालय कमुआ कला तथा ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई तथा उन्हें मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक सिखाई गई, जिससे वे अपने दांतों को स्वस्थ रख सकें। इसके साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीखने में रुचि दिखाई।

### छात्राओं की साइकिल रैली, सुरक्षा को लेकर जागरुकता




**बरेली, अमृत विचार** : महिला कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शांति मौर्य कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं ने साइकिल रैली निकालकर शिक्षा और सुरक्षा का संदेश दिया। विचार गोष्ठी में छात्राओं को आत्मरक्षा, सतर्कता और आपात स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मधु, सभासद रामसिंह और विद्यालय की प्रधानाचार्या मौजूद रहीं। सभी वक्ताओं ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### यह तो प्रेम की बात है, उधौ बंदगी तेरे बस की नहीं



**बरेली, अमृत विचार** : बड़ा बाग हनुमान मंदिर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथावाचक आचार्य अतुलेश्वर सनाढ्य ने श्रीकृष्ण की महा रासलीला, उद्धव चरित्र का वर्णन किया। वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित विभिन्न प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया। भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव को वृंदावन भेजा जहां गोपियों ने उद्धव से कहा कि यह तो प्रेम की बात है उधौ, बंदगी तेरे बस की नहीं है। भगवान श्री कृष्ण के रूकमणि से विवाह के प्रसंग ने श्रद्धाभाव से भर दिया। स्वाति अग्रवाल, मनिका अग्रवाल, विजय लक्ष्मी शर्मा, भारती मौर्य, शोभा सक्सेना, कुसुम सिंह, मंजू गुप्ता, आयुष बंसल, रंजना अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, प्रतीक्षा, सीमा, पूनम, लेखा खंडेलवाल, गुंजन सविता सहगल, लकी शर्मा, अनिल कुमार सक्सेना, पराग रस्तोगी, बनारसी दास शाक्य आदि मौजूद रहे।

### शिव महापुराण कथा में सती चरित्र का भावपूर्ण वर्णन



**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचाक आचार्या राध्या भारद्वाज ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया कि जीवन में आत्मसम्मान सर्वोपरि है, अपमान सहन करना उचित नहीं। सती का जीवन केवल पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि आदर्श मूल्यों की प्रेरणादायी मिसाल है। शिव और सती का संबंध केवल दांपत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। कथा के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान पीके जग्गी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर समिति के संरक्षक सतीश कातिब, मीडिया प्रभारी आयुष अग्रवाल, अध्यक्ष पवन अरोड़ा, उपेंद्र भसीन, राजीव मोहन सक्सेना, अनिल गुप्ता, अरुण अग्रवाल, मनमोहन अरोड़ा, निपेक्ष अग्रवाल, श्याम माथुर, हरवेंद्र रहेजा आदि मौजूद रहे।

# दीपू कश्यप और अनुष्का कश्यप ने जीते पदक



कोच के साथ एथलेटिक्स खिलाड़ी दीपू कश्यप। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली की एथलेटिक्स खिलाड़ी दीपू कश्यप ने प्रयागराज में आयोजित स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में 400 मीटर हर्डल में स्वर्ण पदक जीता। 200 मीटर दौड़ में अनुष्का कश्यप ने कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। इससे पहले अनुष्का ने दिल्ली ओपन स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। दोनों खिलाड़ी कोच अजय कश्यप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, सचिव गीता शर्मा, एथलेटिक्स जिला सचिव गजेंद्र तोमर ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# मिड टर्म परीक्षा का शेड्यूल जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में मिड टर्म परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सिंह ने बताया कि एमए इतिहास की मिड टर्म परीक्षा 16 और 17 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। बीबीए की परीक्षाएं 11 से 24 अप्रैल के बीच इसी समयावधि में आयोजित होंगी। बीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर (राजनीति विज्ञान) की परीक्षा 20 अप्रैल को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगी। वहीं, एमकॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 15 अप्रैल के बीच सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक संपन्न कराई जाएंगी। इसके अलावा, ललित कला (ड्रॉइंग एंड पेंटिंग) विभाग ने भी सत्र 2025-26 की मिड टर्म (थ्योरी व प्रैक्टिकल) परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित किया है। स्नातक कक्षाओं की परीक्षाएं 17 अप्रैल से और परास्नातक कक्षाओं की परीक्षाएं 21 अप्रैल से शुरू होंगी। एमए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 24 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद लखटकिया ने छात्रों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और आवश्यक सामग्री साथ लाने के निर्देश दिए हैं।

### परीक्षा फॉर्म में विषय चयन के लिए नई गाइडलाइन की गई जारी

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज ने स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य) परीक्षा के आवेदन पत्र भरने को लेकर अहम निर्देश जारी किए हैं। छात्रों को स्पष्ट किया गया है कि फॉर्म भरते समय इलेक्टिव माइनर, वोकेशनल और को-करिकुलर विषयों का चयन नहीं किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने मुख्य विषयों के साथ केवल क्यूम्युलेटिव इंग्लिश या फंक्शनल हिंदी तथा रिसर्च प्रोजेक्ट और डिसर्टेशन (मेजर विषय में से किसी एक में) का ही चयन करें। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदन पत्र भरकर महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों ने पहले ही आवेदन पत्र जमा कर दिया है, वे उसे संशोधित कर पुन: सही विषयों के साथ जमा करें। साथ ही, स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर (बैक) के छात्रों को पूर्व की तरह मुख्य विषयों के साथ वोकेशनल विषय चुनना होगा, जबकि चतुर्थ सेमेस्टर (बैक) और द्वितीय सेमेस्टर (मुख्य व बैक) के छात्र इलेक्टिव माइनर विषय का चयन नहीं करेंगे। महाविद्यालय ने छात्रों को सावधानीपूर्वक फॉर्म भरने की सलाह दी है। अन्यथा आवेदन निरस्त होने की संभावना भी जताई गई है।